राज्यपाल सचिवालय, बिहार

ई–मेल–**prrajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

नारी समस्याओं का समाधान कर ही देश और समाज की प्रगति हो सकती है–राज्यपाल

पटना, 05 मार्च 2018

''देश की आधी आबादी नारियों के समग्र विकास के बगैर देश और समाज की बहुमुखी प्रगति नहीं हो सकती। नारियों की समस्याओं, उनके सरोकारों और चुनौतियों से रू–ब–रू होकर ही हम उनका सशक्तीकरण कर सकते हैं।''–उक्त उद्गार, महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने स्थानीय होटल मौर्या के सभागार में ई॰टी॰वी॰ द्वारा आगामी 'विश्व महिला दिवस' के सन्दर्भ में आयोजित 'नारायणी नमः एवार्ड' के सम्मान–वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

राज्यपाल ने कहा कि आज समाज ने अँगड़ाई ली है और नारियों के प्रति हमारे रवैये में बदलाव आया है। नारियाँ ज्ञान–विज्ञान के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। बिहार के विश्वविद्यालयों के दीक्षांत–समारोहों में भी छात्राएँ 3:1 के अनुपात में 'गोल्ड मेडल' हासिल कर रही हैं।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने जब 'नमक बनाने' के आंदोलन को स्वतंत्रता–संग्राम के दौरान छेड़ा था, तो शुरू में अंग्रेज चकित हुए थे। परन्तु चार दिनों बाद ही उन्हें इसका निहितार्थ समझ में आ गया और वे परेशान हो उठे। इसी तरह, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी लालकिले के प्राचीर से जब 'स्वच्छता अभियान' और 'शौचालय निर्माण' के लिए आम जनता से सहयोग माँगा था– तो लोगों ने शुरू में इसे हल्के से लिया था। परन्तु धीरे–धीरे सबने इसकी गंभीरता समझी और आज 'स्वच्छता अभियान' और सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में भी 'शौचालय–निर्माण' के कार्य में तेजी आ गई है।

राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के तत्काल बाद 'कुलपतियों की बैठक' में यह निर्णय ले लिया था कि बिना शौचालय और गर्ल्स कॉमन रूम के नये महाविद्यालयों को प्रस्वीकृति (**affiliation**) नहीं दी जाएगी। पुराने विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सभी भवनों में भी महिला शौचालय एवं गर्ल्स कॉमन रूम को अपरिहार्य बनाते हुए, जहाँ ये सुविधाएँ नहीं हैं, उन्हें आबंटन उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि कोई भी मुल्क पुल–पुलियों, बड़ी इमारतों, सड़कों एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं के साथ–साथ, समर्पित और निष्ठावान सामाजिक कार्यकर्त्ताओं और प्रतिभाओं के बल पर तेजी से आगे बढ़ता है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम के दौरान संगीता अग्रवाल (मुजफ्फरपुर) पुष्पा (नवादा), मंजू प्रसाद (मुजफ्फरपुर), प्रभावती (सीतामढ़ी), जेनी पेरे मम्मीजी (गया), परवीन खातून (कैमूर), ममता रानी (मोतिहारी), भावना कंठ (दरभंगा), श्रीमती अमीना खातून (सुपौल) एवं भव्या (भागलपुर) को नारायणी एवार्ड प्रदान किया।

राज्यपाल ने घोषणा की कि आगामी 26 जनवरी की राजभवन की 'एटहोम पार्टी' में इन सभी प्रतिभावान नारियों को आमंत्रित किया जाएगा।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री विनोद नारायण झा, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, सहित कई विधायक/विधान पार्षद, चयन समति के सदस्यगण तथा बुद्धिजीवीगण आदि उपस्थित थे।

....